
# भारत में अब न्यूजीलैंड की वाइन और कीवीफ्रूट जैसे सामान हो जाएंगे सस्ते

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन हुआ, 5000 भारतीयों को वर्किंग वीजा मिलेगा, अब न्यूजीलैंड अगले 15 साल में भारत में 1.8 लाख करोड़ रुपए का करेगा निवेश

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



भारत-न्यूजीलैंड के बीच सोमवार 27 अप्रैल को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) साइन हो गया है। अब भारत से न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले लेदर प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे सामानों पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। जिससे इन श्रम-प्रधान क्षेत्रों यानी लेबर इंटेंसिव सेक्टर्स को सीधा लाभ होगा।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे एक पीढ़ी में एक बार होने वाला समझौता बताया। वहीं मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पीयूष गोयल ने इसे भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत बताया है। पीयूष गोयल ने कहा कि यह एफटीए विश्वास, साझा मूल्यों और टिकाऊ आर्थिक विकास के साझा विजन को दर्शाता है। यह समझौता भारत के लिए ओशिनिया और प्रशांत द्वीपीय बाजारों तक पहुंचने का गेटवे भी बनेगा। एग्रीमेंट का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच बाइलेटरल ट्रेड को दोगुना करना और भारत में बड़े विदेशी निवेश को आकर्षित करना है।

एग्रीमेंट के तहत न्यूजीलैंड से अगले 15 साल में भारत में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए) का निवेश आने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय व्यापारियों, विशेषकर आगरा के लेदर एक्सपोर्टर्स के लिए बड़े अवसर खुलेंगे। सर्विस सेक्टर में भारत ने आईटी, शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। समझौते के तहत AYUSH, योगा इंस्ट्रक्टर्स, इंडियन शेफ और म्यूजिक टीचर्स के लिए भी रास्ते खुलेंगे। एफटीए में एक नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा का रास्ता बनाया गया है।

### न्यूजीलैंड को कृषि उत्पादों पर रियायत

न्यूजीलैंड को भारतीय बाजार में पहुंच देने के लिए भारत ने अपनी 70 प्रतिशत टैरिफ लाइन्स खोल दी हैं। इसमें सेब, कीवीफ्रूट और मनुका हनी जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ रियायतें दी गई हैं, लेकिन ये कोटा लिमिट और मिनिमम इम्पोर्ट प्राइस की शर्तों के साथ होंगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड को भारत में अपने 54 प्रतिशत से ज्यादा एक्सपोर्ट पर तुरंत शून्य ड्यूटी मिलेगी। इसमें शीप मीट, ऊन, कोयला और फॉरेस्ट्री प्रोडक्ट्स शामिल हैं। सीफूड, आयरन, स्टील और एल्युमीनियम स्क्रैप पर टैरिफ को अगले 10 सालों में धीरे-धीरे खत्म किया जाएगा। हालांकि, भारत ने अपने घरेलू हितों की रक्षा के लिए डेयरी उत्पादों (दूध, क्रीम, पनीर आदि), प्याज, दालें, चीनी, आर्म्स-अम्युनिशन और कुछ मेटल्स जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को रियायतों की लिस्ट से बाहर रखा है।

# रुपया 14.50 पैसे हुआ मजबूत



मुंबई (एजेंसी)। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को एक पैसा मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.15 रुपये का बोला गया। भारतीय इससे पहले लगातार पांच दिन गिरावट में रही थी। इन पांच दिनों में यह 125 पैसे टूट गयी थी।

पिछले कारोबारी दिवस पर यह 14.50 पैसे उतरकर 94.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज सुबह के कारोबार में कमजोर खुला था। यह नौ पैंस गिरकर 94.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में नीचे 94.29 रुपये और ऊपर 94.11 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 94.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार में बड़ी निकासी की। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में दो प्रतिशत की तेजी से भी रुपये पर दबाव रहा। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक के 0.2 प्रतिशत फिसलने का रुपये को लाभ मिला।

# फार्मा और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तीन दिन बाद आई तेजी

## सेंसेक्स उछलकर 76,664 पर पहुंचा, निफ्टी 24092 पर बंद

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क



एशियाई बाजारों में पॉजिटिव रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन यानी सोमवार 27 अप्रैल को मजबूती के साथ बंद हुए। तिमाही नतीजों के दम पर फार्मा और आईटी शेयरों के साथ रियल्टी स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार चढ़कर बंद हुआ।

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के शेयरों में भी तेजी से भी बाजार को मजबूत सपोर्ट मिला। साथ ही ईरान के होरमुज़ स्ट्रेट को फिर से खोलने के प्रस्ताव के साथ अमेरिका से संपर्क किया है। इन रिपोर्ट्स का निवेशकों के सेंटीमेंट्स पर पॉजिटिव असर पड़ा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76,856 अंक पर खुला। शुक्रवार को यह 76,664 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान यह 77,420 अंक तक चढ़ गया था। अंत में यह 639.42 अंक या 0.83 फीसदी की बढ़त लेकर 77,303.63 पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 23,945 पर खुला और खुलते ही 24 हजार के पार चला गया। कारोबार के दौरान यह 24,130 अंक के इंट्रा-डे हाई तक गया। अंत में यह 194.75 अंक या 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,092 पर बंद हुआ।

### किन कंपनियों को फायदा और किसे नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा के शेयर टॉप गेनर रहा। इसमें लगभग 7 फीसदी की तेजी आई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, इंफोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल के शेयर गिरावट में रहे। ब्रोडर बाजारों ने बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमश: 1.47 प्रतिशत और 1.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सेक्टर के लिहाज से निफ्टी फार्मा, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी आईटी ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# सन फार्मा करेगी अमेरिकी दवा कंपनी का अधिग्रहण

### ऑर्गानॉन कंपनी का 3.99 अरब डॉलर में हुआ समझौता

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क




भारतीय दवा कंपनी सन फार्मा इसी क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी ऑर्गानॉन का 3.99 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगी। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस संबंध में पक्का समझौता हो गया है।

यह अधिग्रहण सन फार्मा की एक पूर्ण स्वामित्व वाली विदेशी सहयोगी कंपनी के माध्यम से किया जायेगी। इस सौदे के तहत ऑर्गानॉन के शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 14 डॉलर का भुगतान किया जायेगा। इस घोषणा के बाद सन फार्मा का शेयर आज सात प्रतिशत चढ़कर 1,733 रुपये पर पहुंच गया। ऑर्गानॉन का वर्तमान उद्यम मूल्यांकन 11.75 अरब डॉलर है। पिछले साल उसका राजस्व 6.2 अरब डॉलर और परिचालन लाभ 1.9 अरब डॉलर रहा था। कंपनी पर 31 दिसंबर 2025 को 8.6 अरब डॉलर का कर्ज था और उसके पास 57.4 करोडॉ डॉलर की नकदी थी।

# एनपीएस में सीधे बैंक खाते में आएगा मेडिकल भत्ता

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्र सरकार ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से जुड़े पेंशनभोगियों और उनके परिवारों के लिए प्रक्रिया को आसान बना दिया है। अब फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस (एफएमए) यानी चिकित्सा भत्ता पाने का सिस्टम आसान और ऑटोमैटिक कर दिया गया है।

वित्त मंत्रालय ने 16 अप्रैल को जारी अपने नए आदेश में प्रक्रिया को आसान बना दिया है। अब बुजुर्ग पेंशनर्स को फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस (एफएमए) के लिए न तो बार-बार मेडिकल बिल जमा करने पड़ेंगे और न ही दफ्तरों के चक्कर लगाने होंगे। पूरी व्यवस्था बैंक के जरिए होगी और यह भत्ता सीधे उनके बैंक खाते में आ जाएगा।

मंत्रालय ने आदेश में बताया है कि अब इस भत्ते का भुगतान बैंकों के सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीपीसी) के जरिए होगा। यह सिस्टम पूरी तरह ऑटोमैटिक रहेगा, इसलिए पेंशनर्स को कोई बिल या दावा देने की जरूरत नहीं होगी। प्रक्रिया ऐसी होगी कि सेंट्रल पेंशन एकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) पहले एलिजिबिलिटी की जांच करेगा और मंजूरी मिलने पर बैंक को स्पेशल सील अथॉरिटी (एसएसए) जारी करेगा। इसके आधार पर बैंक का सीपीपीसी डिपार्टमेंट तय दर के अनुसार हर तीन महीने में मेडिकल भत्ते की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा कर देगा।

### चावल, गेहूं के भाव बढ़े और खाद्य तेलों में नरमी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गयी। चीनी और खाद्य तेलों के भाव टूट गये जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,849 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।


MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**नीलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/05/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
ग्वालियर, मोरार – ग्वालियर, 0119690730038427,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/– रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



**नियम 92 (1) (क) (II), ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
**मध्यप्रदेश शासन, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

RO क्रमांक 263 दि. 27/04/2026 //निविदा सूचना// दिनांक : 27/04/2026

निम्नुलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://gmc.mptendersd.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _501421_1 | **(पार्षद निधि)** वार्ड 27 विभिन्न सीनों पर विभिन्न कार्य। | 8,44,060/- | 2,000/- 8,441/- | 04/05/2026 |
| 2 | 2026_UAD _483018_2 | **(पार्षद निधि)** वार्ड 21 लक्ष्मी विहार कॉलोनी बिल्डस् पब्लिक के पीछे सी.सी. रोड कार्य। | 17,42,303/- | 2,000/- 13,067/- | 04/05/2026 |
| 3 | 2026_UAD _484612_2 | वार्ड 18 रिलायंस पेट्रोल पंप से डंडोतिया मार्केट के दोनों साइट आर.सी.सी. नाला कार्य। | 91,55,120/- | 10,000/- 68,663/- | 04/05/2026 |
| 4 | 2026_UAD _501948_1 | वार्ड 57 काली माता मंदिर ओफो की बगिया रवि शंकर हॉस्टल तक आर.सी.सी. नाला कार्य। | 24,09,253/- | 5,000/- 18,069/- | 22/05/2026 |
| 5 | 2026_UAD _501962_1 | **(पार्षद निधि)** वार्ड 57 विभिन्न सीनों पर नाला सफाई एवं नाला कार्य। | 11,21,952/- | 2,000/- 8,415/- | 22/05/2026 |
| 6 | 2026_UAD _501986_1 | **(पार्षद निधि)** वार्ड 18 दीनदायाल नगर में छठ पूजा मार्ग पर सी.सी. रोड कार्य। | 13,29,117/- | 2,000/- 3,291/- | 06/05/2026 |
| 7 | 2026_UAD _502879_1 | वार्ड 63 एवं 64 स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु शौचालय मरम्मत एवं अन्य संधारण कार्य। | 5,30,042/- | 2,000/- 5,300/- | 11/05/2026 |
| 8 | 2026_UAD _502963_1 | ग्राम पिपरौली में प्री-कास्ट वाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। (श्वान आशय सील हेतु) | 19,81,186/- | 2,000/- 14,859/- | 26/05/2026 |

**नोट:**– निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptendersd.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर निगम ग्वालियर**


# अहमदाबाद मंडल के चार कर्मचारी किए गए श्रेष्ठ संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



● अहमदाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने अहमदाबाद मंडल के चार कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मैन ऑफ द मन्थ (फरवरी-2026) संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रभाष कुमार यादव ने अपनी ड्यूटी के दौरान दो अलग-अलग अवसरों पर उच्च स्तर की सतर्कता का परिचय दिया। सुबोध कुमार ने ड्यूटी के दौरान गुजरती ट्रेन के एक वैगन में हैंगिंग पार्ट (सेफ्टी रॉड) देखा। उन्होंने तुरंत लाल संकेत देकर ट्रेन को रुकवाने की प्रक्रिया शुरू की और स्टेशन मास्टर को सूचित किया।

दीपक कुमार एस. ने रोलिंग एग्जामिनेशन के दौरान वैगनों में गंभीर तकनीकी दोष जैसे ग्रीस सील का खिसकना एवं सीटीआरबी कप का टूटना समय रहते पहचाना। वहीं, दीपक कुमार ने ड्यूटी के दौरान यह पाया कि एक ट्रेन निर्धारित 20 किमी/घंटा की गति सीमा से अधिक गति से चल रही थी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला ग्वालियर (म.प्र.)**

कमांक/क्यू/5–ना/वित्त/6–17/2022/6559 ग्वालियर दिनांक 23/04/2026

:: विज्ञप्ति ::

कार्यालय कलेक्टर जिला ग्वालियर में वित्तीय वर्ष 2026–27 की अवधि हेतु कार्यालय एवं एकीकृत शाखाओं में फॉटो कॉपी कार्य हेतु निविदायें दिनांक 15/05/2026 को दोपहर 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

2/ पात्र निविदादाता को उनके स्वयं के व्यय पर जिला कार्यालय में चिन्हांकित स्थान पर फॉटोकॉपी मशीन स्थापित कर कार्यालयीन समय में फॉटोकॉपी कार्य करना होगा। इच्छुक निविदाकर्ता राशि रूपये 1000/– (एक हजार केवल/ ऑनलाईन चालान के माध्यम से शीर्ष 0070–60–800 अन्य प्राप्तियों में निविदा प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 14/05/2026 तक प्रात: 11 बजे से सांय 5 बजे तक जमा कर जिला कार्यालय की नजारत शाखा से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। निविदा की विस्तृत शर्ते, प्रतिभूति राशि एवं निष्पादन प्रतिभूति का विवरण निविदा प्रपत्र की शर्तों में उल्लेखित है।

3/ निविदायें द्वि–लिफाफा पद्धति से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 15/05/2026 को दोपहर 03 बजे तक जिला कार्यालय की नजारत शाखा में सील बंद बक्षक्स में प्रस्तुत की जा सकेगी तथा प्राप्त निविदायें दिनांक 15.05.2026 को ही सांय 04 बजे विभागीय कय समीति द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

4/ आमंत्रित निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर जिला ग्वालियर को रहेगा।

संयुक्त कलेक्टर
वास्ते-कलेक्टर
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

G-12081/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


# पतंजलि ने उत्तराखंड में दिखाई चंदन वन की राह

● हरिद्वार / राज न्यूज नेटवर्क






देश में चंदन की खेती लंबे समय तक दक्षिण भारत तक सीमित मानी जाती रही, लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। उत्तराखंड में पतंजलि की ओर से विकसित चंदन वनद्य मॉडल ने साबित किया है कि अनुकूल परिस्थितियों में उत्तर भारत में भी चंदन की सफल खेती संभव है। प्रदेश के कई जिलों में इसके सकारात्मक उदाहरण सामने आ चुके हैं। हरिद्वार स्थित पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने करीब दो दशक पहले चंदन की खेती पर प्रयोग शुरू किए थे।

उस समय उत्तर भारत में इसकी खेती लगभग न के बराबर थी। पतंजलि के रिसर्च सेंटर और औषधीय उद्यान में लगाए गए चंदन के पौधों पर किए गए अध्ययन में सकारात्मक परिणाम मिले, जिसके बाद राज्य के कई जिलों में किसानों और निजी संस्थाओं ने इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया। विशेषज्ञों के अनुसार चंदन एक अर्ध-परजीवी वृक्ष है, जिसकी वृद्धि के लिए अन्य पौधों की जड़ों से पोषण आवश्यक होता है। इसलिए इसकी खेती वैज्ञानिक पद्धति और उचित प्रबंधन पर निर्भर करती है। पतंजलि औषधीय उद्यान में लगाए गए पौधे कुछ ही वर्षों में विकसित होकर द्मचंदन वनद्य के रूप में बदल गए। इसके बाद पौड़ी जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भी यह प्रयोग सफल रहा।


**मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम विंध्याचल भवन, भोपाल (म.प्र.) - 462004**

**आम-सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम की महलगांव जिला-ग्वालियर, आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 48 आकार 105.00 वर्गमीटर निगम द्वारा श्री कैलाश नारायण शर्मा पिता स्व.श्री श्रीलाल शर्मा के नाम पर आवंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 02.09.2009 को पंजीकृत है। श्री कैलाश नारायण शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 13.05.2021 को हो गया है। आवंटी की पत्नि श्रीमती चन्द्रकला शर्मा के द्वारा मृत्यु-प्रमाण पत्र, पेंशन स्लिप, बैंक पासबुक, समग्र आई.डी., पट्टा-विलेख की छायाप्रति, सभी बच्चों का नामांतरण हेतु सहमती शपथ पत्र, स्वंय के एवं सभी बच्चों के आधार कार्ड की छायाप्रति, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति का स्वंय के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं निगम नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**प्रबंध संचालक**
**म.प्र. राज्य कर्मचारी आवास निगम भोपाल**



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति पृथ्वीपुर, जिला-निवाड़ी (म.प्र.)**

क्र./मंडी/निर्माण/2026-27/26 दिनांक : 15.04.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति पृथ्वीपुर द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर **दिनांक 15.05.2026 तक** ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

| सिस्टम टेण्डर क्र. | इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम (राशि रु.) | धरोहर राशि रु. | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_ MPSAM_ 503460 | मंडी प्रांगण पृथ्वीपुर | 10 मे. टन | 25000/- | 40200/- | 5000/- |

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
पृथ्वीपुर, जिल- निवाड़ी (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
पृथ्वीपुर, जिला-निवाड़ी (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/125509/2026



HINDUJA HOUSING FINANCE

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय: 167–169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई– 600015
क्षेत्रीय कार्यालय – ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड इंदौर, म.प्र. – 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुरनन्रिमाण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रव्रतन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रव्रतन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है | उधारक्रताओं को कंपनी के प्राधिकत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उललेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए न्रिदेशों का उल्लेख किया गया है उधारक्रता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारक्रताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति क अधिकार में नीचे व्रणित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा SEC प्रव्रतन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारक्रता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा | राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/GLR/GWLR/A000002309 श्री दलवीर सिंह श्रीमती राजकुमारी देवी | 11/02/2026 Rs. 9,91,361/- | सर्वेक्षण क्रमांक 128, ग्राम जरारा, चुरहेला, तहसील नूरबाद, जिला मोरेना, शहरी क्षेत्र, मोरेना, मध्य प्रदेश, 476444 का भाग। कुल क्षेत्रफल 4125 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में रामजीलाल पटेल की कृषि भूमि, उत्तर में कन्हैया का घर, दक्षिण में जयराम का घर। | 25/04/2026 Symbolic |
| MP/GLR/GWLR/A000001665 श्री दशरथ सिंह श्रीमती बब्बी देवी श्री विवेक सिंह | 11/02/2026 Rs. 13,02,325/- | सर्वेक्षण संख्या 453, 454/2, 454/3, 457, वार्ड संख्या 01, ग्राम पामया गांव, तहसील बनमोर, जिला मोरेना, शहरी, मोरेना, मध्य प्रदेश, 476444 का भाग। कुल क्षेत्रफल 920 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में 6 मीटर सड़क, पश्चिम में प्लॉट संख्या 29, उत्तर में प्लॉट संख्या 23, दक्षिण में प्लॉट संख्या 24 | 25/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/MORE/A000000082 श्री दिनेश सिंह श्रीमती दीपा देवी | 12/02/2026 Rs. 8,27,162/- | सर्वे क्रमांक 1127/3, 1128/3, 1129/3, 1150/3, वार्ड क्रमांक 01, अवंती बाई कॉलोनी, तहसील अंबाह, जिला मोरेना, मध्य प्रदेश, 476554 का भाग। कुल क्षेत्रफल 960 वर्ग फुट या 89.21 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में विक्रेता की भूमि, पश्चिम में स्वामी की भूमि, उत्तर में प्रस्तावित 18 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में रामहिलाल का खेत। | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/GLR/GWLR/A000001825 श्री गयाचरण गुर्जर श्रीमती ममता गुर्जर | 11/02/2026 Rs. 5,92,561/- | सर्वे संख्या 825, 779/1, मौजा गोहद, पटवारी हल्का संख्या 50, वार्ड संख्या 5, जेल रोड, गोहद, जिला भिंड, मध्य प्रदेश, 477116 का भाग। कुल क्षेत्रफल 1860 वर्ग फुट या 172.86 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में मोरारी का घर, पश्चिम में मेहताब सिंह का घर, उत्तर में सड़क, दक्षिण में सत्यभान सिंह का घर। | 25/04/2026 Symbolic |
| MP/GLR/MEON/A000000041 श्री हरेन्द्र सिंह श्रीमती मुन्नी बाई | 11/02/2026 Rs. 9,80,380/- | सर्वेक्षण संख्या 767, वार्ड संख्या 5, पटवारी हल्का संख्या 50, ग्राम गोहद, तहसील गोहद, जिला भिंड, मध्य प्रदेश, 477116 का भाग। कुल क्षेत्रफल 2500 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में राजबेती का भूखंड, पश्चिम में गदिपाल सिंह का भूखंड, उत्तर में सड़क, दक्षिण में जगदीश प्रसाद की भूमि। | 25/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/KAIL/A000000140 श्रीमती मालती देवी के सभी कानूनी उत्तराधिकारी श्री दामोदर सिंह परमार | 12/02/2026 Rs. 10,85,431/- | सर्वे संख्या 795/1, वार्ड संख्या 11, विवेक कॉन्वेंट स्कूल, सिद्ध नगर, शहरी, मोरेना, मध्य प्रदेश, 476001 का भाग। कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट या 74.43 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में रामू दंदोतिया का घर और ज़मीन, पश्चिम में 15 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर में चिम्मन सिंह का घर, दक्षिण में रामनरेश का घर। | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/MORE/A000000071 श्री मनोज सिंह श्रीमती शारदा देवी | 12/02/2026 Rs. 9,98,118/- | सर्वे क्रमांक 60/4, मौजा भोंडेरी, प्लॉट क्रमांक 963, वार्ड क्रमांक 43, राजगुरु भोंडेरी, मोरेना, तहसील एवं जिला मोरेना, मध्य प्रदेश, 476001 का भाग। कुल क्षेत्रफल 1065 वर्ग फुट या 98.97 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में प्लॉट क्रमांक 964, पश्चिम में अन्य प्लॉट, उत्तर में 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में ब्राह्मणों की सीमा और खेत। | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/MORE/A000000337 श्री संदीप सिंह श्रीमती रामबेटी देवी श्रीमती आशा शर्मा | 12/02/2026 Rs. 9,82,445/- | सर्वेक्षण संख्या 1786/5, वार्ड संख्या 11, भिंड रोड, तहसील पोरसा, जिला मोरेना, मध्य प्रदेश, 476115 का भाग। कुल क्षेत्रफल 1080 वर्ग फुट या 100.37 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में हरनारायण का प्लॉट, पश्चिम में कोमल सिंह का घर, उत्तर में सड़क, दक्षिण में मनवीर सिंह का घर। | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/GLR/GWLR/A000001611 सरमन शर्मा जी श्रीमती राजेशुरी शर्मा | 11/02/2026 Rs. 6,77,772/- | सर्वेक्षण संख्या 62, 63, प्लॉट संख्या 29, वार्ड संख्या 60, ग्राम भाटखेड़ी, तहसील और जिला ग्वालियर, शहरी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 474001 का भाग। कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट या 74.34 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में प्लॉट संख्या 28 ललिता शर्मा, पश्चिम में प्लॉट संख्या 30, उत्तर में प्लॉट संख्या 25, दक्षिण में 20 फुट चौड़ी सड़क। | 25/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/MORE/A000000104 श्री सतीश कुमार श्रीमती करीना देवी | 12/02/2026 Rs. 9,98,210/- | सर्वेक्षण संख्या 130/1, 137/1, मौजा डोमपुरा, वार्ड संख्या 44, सरदार पटेल (छोंडा) वार्ड, डोमपुरा, तहसील एवं जिला मोरेना, शहरी, मोरेना, मध्य प्रदेश, 476001 का भाग। कुल क्षेत्रफल 955.5 वर्ग फुट या 88.80 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में अन्य भूखंड, पश्चिम में अन्य भूखंड, उत्तर में सीमा, दक्षिण में 25 फुट चौड़ी सड़क। | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/MOR/MORE/A000000293 श्रीमती शारदा देवी श्री इच्छाशंकर भारद्वाज श्रीमती नीतू भारद्वाज | 12/02/2026 Rs. 11,89,789/- | सर्वेक्षण संख्या 1176/1, वार्ड संख्या 4, किदवई वार्ड, अतर्सुमा, ए बी रोड, तहसील एवं जिला मोरेना, शहरी, मोरेना, मध्य प्रदेश, 476001 का भाग। कुल क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट या 74.34 वर्ग मीटर। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में प्लॉट संख्या C 01, पश्चिम में प्लॉट संख्या C 03, उत्तर में 30 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में प्लॉट संख्या C 25 | 22/04/2026 Symbolic |
| MP/GLR/GWLR/A000001530 श्री रामनिवास जगन्नाथ सिंह श्रीमती सरोज देवी, श्री भानु प्रताप | 15-11-2025 Rs 10,48,868/- | सर्वेक्षण संख्या 544 का भाग, ग्राम धनेला, तहसील बानमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, भारत, 476444. कुल क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट या 185.87 मीटर. सीमा इस प्रकार है - पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: विक्रेता की भूमि, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: बिचोला रोड | 25/04/2026 Symbolic |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड इंदौर( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Dharamveer Yadav (RRM) - 82694 20174, Pankaj Joshi - 96445 23578, Pushpendra Tomar -99938 22666

दिनांक - 28/04/2026

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड